महत्वपूर्ण / प्राथमिकता
संख्या–862 / सैंतीस–2–2022

प्रेषक,

डा0 रजनीश दुबे,
अपर मुख्य सचिव,
पशुधन, उ0प्र0 शासन।

सेवा में,

समस्त जिलाधिकारी,
उत्तर प्रदेश।

पशुधन अनुभाग–2 लखनऊः: दिनांक 26 मई, 2022

विषयः–''पशुचिकित्सालयों एवं पशु सेवा केन्द्रों का सुदृढ़ीकरण–मोबाईल वेटेरिनरी यूनिट'' के संचालन अन्तर्गत योजना के वाहनों के सुरक्षित रखे जाने / स्टेशन करने एवं रूट–चार्ट के सम्बन्ध में।

महोदय,

भारत सरकार की अम्ब्रेला स्कीम ''पशुधन स्वास्थ्य एवं रोग नियंत्रण'' की गाइड लाईन्स के अन्तर्गत सम्मिलित योजना ''पशुचिकित्सालयों एवं पशु सेवा केन्द्रों का सुदृढ़ीकरण–मोबाईल वेटेरिनरी यूनिट'' के द्वारा पशुचिकित्सा सेवा पशुपालकों के द्वार पर उपलब्ध कराने एवं उसका आच्छादन बढ़ाने के लिये भारत सरकार द्वारा निर्धारित मानक यथा–प्रत्येक एक लाख पशुधन की संख्या पर एक मोबाई लवेटेरिनरी यूनिट की स्थापना के अनुसार प्रदेश में 520.37 लाख गाय एवं भैंसों की संख्या के सापेक्ष 520–मोबाईल वेटेरिनरी यूनिट की स्थापना की जा रही है। पशुपालकों के द्वार पर पशुचिकित्सा / लघु शल्य चिकित्सा / कृत्रिम गर्भाधान एवं अन्य चिकित्सकीय कार्यों हेतु वर्तमान में मोबाईल पशुचिकित्सा सेवाओं की प्रासंगिकता अधिक हो गई है। फलतः प्रदेश में मोबाईल पशुचिकित्सालयों की स्थापना सुदूर ग्रामीण अंचलोंतक पशुपालन विभाग से सम्बन्धित विभिन्न योजनाओं के कियान्वयन में मील का पत्थर सिद्ध होगी।

2. निदेशालय, पशुपालन विभाग, उ0प्र0, लखनऊ के परिपत्र संख्या–993 / सा0–1 / एक्स–84 / MVU-ESVHD / 2021–22, दिनांक 06 जनवरी, 2022 एवं परिपत्र संख्या–1164 / सा0–1 / एक्स–84 / MVU-ESVHD / 2021–22, दिनांक 14 मार्च, 2022 द्वार I520–मोबाईल वेटेरिनरी यूनिट के जनपदवार आवंटन (छायाप्रति संलग्न) से अवगत कराते हुये निर्देशित किया गया है कि, ''प्रति मोबाईल वेटेरिनरी यूनिट के संचालन हेतु एक लाख पशुधन संख्या के आधार पर क्षेत्र का चयन इस प्रकार से निर्धारित किया जाय जिससे समस्त जनपद आच्छादित हो सके। ''सम्भव है कि एक मोबाईल वेटेरिनरी यूनिट के लिये निर्धारित पशुधन संख्या एक लाख के सापेक्ष उसके क्षेत्र हेतु एक से अधिक विकास खण्ड की ग्रम पंचायतों के पशुधन को आच्छादित किया जाय। उक्त को संज्ञान में लेते हुये मोबाईल वेटेरिनरी यूनिट के संचालन हेतु संलग्न प्रारूप–1 व 2 के अनुरूप रूट–चार्ट, जनपद की सभी ग्राम पंचायतों को योजना से आच्छादित किये जाने हेतु तैयार किया जाना है, जिनके 02 किमी की परिधि में कोई पशुचिकित्सालय / पशु सेवा केन्द्र स्थापित नही हैं। साथ ही उक्त रूट–चार्ट को इस प्रकार तैयार किया जाय कि प्रतिदिन वाहनों के भ्रमण अन्तर्गत निर्धारित Route पर 3 ग्रामों में Halt करते हुए ग्राम के आस–पास के समीपवर्ती 3–4 ग्रामों को भी आच्छादित किया जा सके जिससे जनपद के समस्त

मोबाईल वेटेरिनरी यूनिट की रूट–वाइज मैपिंग की जा सके। 4 सप्ताह (28 दिवस) का रूट चार्ट बनाया जाय, जिसमें 84 ग्रामो में Halt होंगे।

3. कतिपय जनपदों के मुख्य पशुचिकित्साअधिकारियों द्वारा योजना के क्रियान्वयन अन्तर्गत रूट–चार्ट एवं वाहन को राजकीय प्रांगण/विकास खण्ड/तहसील/ पशुचिकित्सालय, जिसमें चहार दीवारी एव चौकीदार की व्यवस्था हो, में सुरक्षित रखवाने/स्टेशन्ड करने के स्थान/संस्था की सूचना अपने हस्ताक्षर से निदेशालय को उपलब्ध करायी गयी है।

4. उक्त रूट चार्ट एवं वाहन को राजकीय प्रांगण/विकास खण्ड/तहसील/ पशुचिकित्सालय में सुरक्षित रखवाने/स्टेशन्ड करने के स्थान/संस्था की प्रेषित की जाने वाली सूचना **मुख्य विकास अधिकारी एवं मुख्य पशुचिकित्सा अधिकारी के संयुक्त** हस्ताक्षर से दिनांक 08.06.2022 तक निदेशालय को उपलब्ध करायी जाय।

5. मोबाईल वेटेरिनरी यूनिट की स्थापना एवं संचालन भारत सरकार एवं उत्तर प्रदेश सरकार का प्राथमिकता का कार्यक्रम है, जिसके द्वारा कृषकों/पशुपालकों को उनके द्वार पर पशुचिकित्सा सुविधा उपलब्ध करायी जायेगी, जिसका प्रोटोकाल पृथक से निर्गत किया जाएगा।

अतः आप से मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि अपने स्तर से अपने जनपद में मोबाई लवेटेरिनरी यूनिट के वाहनों हेतु उपयुक्त स्थान निर्धारित कर इन से जनपद को आच्छादित किये जाने हेतु रूट–चार्ट तत्काल उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

संलग्नक–उपरोक्तानुसार।

Signed by डा0 रजनीश दुबे
Date: 26-05-2022 17:33:28
Reason: Approved

(डा0 रजनीश दुबे)
अपर मुख्य सचिव।

संख्या–862(1)/सैंतीस–2–2022तद्दिनांक।

1. समस्त मुख्य विकास अधिकारी, उत्तर प्रदेश।
2. निदेशक, रोग नियंत्रण एवं प्रक्षेत्र, पशुपालन विभाग, उ0प्र0, लखनऊ।
3. समस्त मण्डलीय अपर निदेशक, ग्रेड–2, पशुपालन विभाग, उत्तर प्रदेश।
4. समस्त मुख्य पशुचिकित्साअधिकारी, पशुपालन विभाग, उत्तर प्रदेश।
5. गार्ड फाईल।

आज्ञा से,

(देवेन्द्र कुमार पाण्डेय),
विशेष सचिव।

संलग्नक–1

# जनपदवार आवंटित मोबाईल वेटेरिनरी यूनिट

| क्र0स0 | जनपद | मोबाईल वेटेरिनरी यूनिट संख्या |
|---|---|---|
| 1 | आगरा | 13 |
| 2 | मथुरा | 8 |
| 3 | फिरोजाबाद | 8 |
| 4 | मैनपुरी | 7 |
| 5 | अलीगढ़ | 13 |
| 6 | एटा | 7 |
| 7 | हाथरस | 5 |
| 8 | कासगंज | 6 |
| 9 | सहारनपुर | 7 |
| 10 | मुजफ्फरनगर | 8 |
| 11 | शामली | 4 |
| 12 | अमरोहा | 7 |
| 13 | बिजनौर | 10 |
| 14 | मुरादाबाद | 6 |
| 15 | रामपुर | 5 |
| 16 | संभल | 9 |
| 17 | जालौन | 6 |
| 18 | ललितपुर | 7 |
| 19 | झांसी | 5 |
| 20 | मेरठ | 8 |
| 21 | गाजियाबाद | 3 |
| 22 | जीबीनगर | 4 |
| 23 | हापुड़ | 3 |
| 24 | बागपत | 5 |
| 25 | बुलंदशहर | 13 |
| 26 | बरेली | 9 |
| 27 | बदायूँ | 13 |
| 28 | पीलीभीत | 4 |
| 29 | शाहजहांपुर | 9 |
| 30 | लखनऊ | 5 |
| 31 | हरदोई | 12 |
| 32 | खीरी | 12 |
| 33 | सीतापुर | 12 |
| 34 | रायबरेली | 9 |
| 35 | उन्नाव | 10 |
| 36 | चित्रकूट | 5 |
| 37 | हमीरपुर | 4 |
| 38 | महोबा | 3 |
| 39 | बॉदा | 7 |
| 40 | कानपुरनगर | 7 |
| 41 | कानपुरदेहात | 8 |

| क्र0स0 | जनपद | मोबाईल वेटेरिनरी यूनिट संख्या |
|---|---|---|
| 42 | औरैया | 5 |
| 43 | इटावा | 5 |
| 44 | कन्नौज | 7 |
| 45 | फर्रुखाबाद | 6 |
| 46 | कौशाम्बी | 5 |
| 47 | फतेहपुर | 8 |
| 48 | प्रतापगढ़ | 11 |
| 49 | प्रयागराज | 13 |
| 50 | मिर्जापुर | 8 |
| 51 | सोनभद्र | 7 |
| 52 | भदोही | 4 |
| 53 | चंदौली | 7 |
| 54 | जौनपुर | 11 |
| 55 | वाराणसी | 6 |
| 56 | आजमगढ़ | 9 |
| 57 | बलिया | 7 |
| 58 | मऊ | 4 |
| 59 | गाजीपुर | 9 |
| 60 | अम्बेडकर | 6 |
| 61 | अमेठी | 7 |
| 62 | अयोध्या | 6 |
| 63 | बाराबंकी | 8 |
| 64 | सुल्तानपुर | 7 |
| 65 | श्रावस्ती | 3 |
| 66 | बलरामपुर | 4 |
| 67 | बहराइच | 8 |
| 68 | गोंडा | 8 |
| 69 | गोरखपुर | 5 |
| 70 | देवरिया | 5 |
| 71 | महाराजगंज | 2 |
| 72 | कुशीनगर | 3 |
| 73 | बस्ती | 5 |
| 74 | सिद्धार्थनगर | 3 |
| 75 | संतकबीरनगर | 2 |
| | **Total** | **520** |

प्रारूप–1

मोबाईल वेटरिनरी यूनिट के वाहनों के संचालन हेतु वाहन स्टेशन एवं आच्छादन

जनपद को आवंटित मोबाईल वेटेरिनरी यूनिट की संख्या.........................

जनपद ..............................

| कसं | वाहन पंजीकरण संख्या एवं चालक का नाम व मोबाइल नं0 | MVU के रखे जाने/स्टेशन्ड करने का स्थान एवं उसका अक्षांश व देशान्तर | | | MVU के रखे जाने/स्टेशन करने के स्थान के समीप वर्ती विभागीय पशुचिकित्सा संस्थाओं का विवरण | प्रत्येक MVU से पशुचिकित्सा सेवा हेतु 1.00 लाख पशुधन संख्या के सापेक्ष आच्छादित पशुधन संख्या | आच्छादित विकास खण्ड/ग्राम सभा/पशुधन संख्या | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | MVU के रखे जाने/स्टेशन्ड करने का स्थान | अक्षांश | देशान्तर | | | विकास खण्ड का नाम | ग्राम सभाओं की संख्या | विकास खण्ड वार आच्छादित होने वाली पशुधन संख्या |
| 1. | | | | | | | 1. | | |
| | | | | | | | 2. | | |
| | | | | | | | .... | | |
| | | | | | | | योग | | |
| 2. | | | | | | | 1. | | |
| | | | | | | | 2. | | |
| | | | | | | | .... | | |
| | | | | | | | योग | | |
| 3 | | | | | | | | | |
| | | | | | | | | | |
| | | | | | | | | | |
| | | | | | | | | | |
| | | | | | | | महायोग– | | |

प्रारूप—2

## मोबाईल वेटेरिनरी यूनिट के वाहनों के संचालन हेतु 4 सप्ताह (28 दिवस) का रूट चार्ट

वाहन कमांक.............................................विकास खण्ड...................................जनपद ........................... गाड़ीनम्बर...........................

| क0सं0 | सप्ताह | दिन | रूट कोड | चयनित 3 ग्रामों का नाम जहाँ MVU भ्रमण के अन्तर्गत स्टेशन्ड होगी | समी पवर्तीग्रामोंकानाम | भ्रमणका समय | विकास खण्डसेदूरी (किमीमें) | निकटतमपशुसेवाकेन्द्र के पशुधनप्रसारअधिकारीकानाम व मोबाईलनम्बर | | निकटतमपशुचिकित्सालय के पशुचिकित्साधिकारीकानाम व मोबाईलनम्बर | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | | | नाम | मोबाईलनम्बर | नाम | मोबाईलनम्बर |
| 1 | प्रथम | सोमवार | M-1 | | | | | | | | |
| | | मंगलवार | TU-1 | | | | | | | | |
| | | बुद्धवार | W-1 | | | | | | | | |
| | | ब्रहस्पतिवार | TH-1 | | | | | | | | |
| | | शुक्रवार | F-1 | | | | | | | | |
| | | शनिवार | SA-1 | | | | | | | | |
| | | रविवार | SU-1 | | | | | | | | |
| 2 | द्वितीय | सोमवार | M-2 | | | | | | | | |
| | | मंगलवार | T-2 | | | | | | | | |
| | | बुद्धवार | W-2 | | | | | | | | |
| | | ब्रहस्पतिवार | TH-2 | | | | | | | | |
| | | शुक्रवार | F-2 | | | | | | | | |
| | | शनिवार | S-2 | | | | | | | | |
| | | शनिवार | ST-2 | | | | | | | | |
| | | रविवार | S-2 | | | | | | | | |
| 3 | तृतीय | सोमवार | M-3 | | | | | | | | |
| | | मंगलवार | T-3 | | | | | | | | |
| | | बुद्धवार | W-3 | | | | | | | | |
| | | ब्रहस्पतिवार | TH-3 | | | | | | | | |
| | | शुक्रवार | F-3 | | | | | | | | |
| | | शनिवार | ST-3 | | | | | | | | |
| | | रविवार | S-3 | | | | | | | | |
| 4 | चतुर्थ | सोमवार | M-4 | | | | | | | | |
| | | मंगलवार | T-4 | | | | | | | | |
| | | बुद्धवार | W-4 | | | | | | | | |
| | | ब्रहस्पतिवार | TH-4 | | | | | | | | |
| | | शुक्रवार | F-4 | | | | | | | | |
| | | शनिवार | ST-4 | | | | | | | | |
| | | रविवार | S-4 | | | | | | | | |